शहतूत पर्ण लपेटक (रोलर) का एकीकृत पीड़क प्रबंधन

डयाफेनिया पुलवरुलेंटालिस

स्थिति

कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के शहतूत पौधे पर्ण लपेटक से ग्रस्त हैं । इस संक्रमण से पत्ती उपज में कमी होती है जिससे रेशम उत्पादकों को आर्थिक हानि होती है ।

प्रकट होने का समय

माह जून से फरवरी तक पौधे रोग से ग्रसित होते हैं । तथापि सितम्बर से नवम्बर तक संक्रमण अधिक होता है ।

हानि एवं लक्षण

- शहतूत प्ररोह के अग्र भाग में पर्णलपेटक का अधिक संक्रमण होता है ।
- डिंभक इल्ली रेशमी स्राव द्वारा पत्तियों को एक साथ चिपकाकर उसमें घुस जाते है और पत्तियों के सतह के कोमल हरे ऊतकों को नष्ट कर देते हैं ।
- बड़ी इल्लियाँ कोमल पत्तियों को खाती है और पत्ती पर उनके मल दिखते हैं ।

जीवन चक्र

अंड जनन क्षमता	:	80-150 अंडे
प्रस्फुटन	:	2-3 दिन
लार्वा अवधि	:	8-12 दिन
प्यूपा अवधि	:	7-9 दिन
जीवन चक्र	:	17-24 दिन



प्रबंधन

यांत्रिक

- जब रेशमकीट IV निर्मोक में हो तो बागान के पौधों के सभी अग्र सिरे को काट कर जला दें ।
- गहराई तक जोतने और अधिक पानी से सिंचाई करने पर मिट्टी में उपलब्ध प्यूपे मर जाते हैं।
- वयस्कों को आकर्षित कर मारने के लिए हल्के जाल का प्रयोग करें ।

रासायनिक

छँटाई के 12-15 दिनों बाद 0.076% डीडीवीपी (76%ई सी) को छिड़के (1 लीटर पानी में 1 मीली)

सुरक्षा अवधि : 10 दिन ।

जैविक

छँटाई के बाद 18वें दिन से ट्राइकोग्रामा किलोनिस अंड परजीव्याभों को चार सप्ताहों के लिए 1 ट्राइको कार्ड/सप्ताह के दर से मुक्त करें ।



ट्राइको कार्ड

ट्राइको कार्ड लगाना



लेपिडोपटरान पीड़क के अंडों को ट्राइको ग्रामा परजीवीकरण

पर्ण लपेटक (रोलर) हेतु एकीकृत पीड़क प्रबंधन

दिन	कार्यकलाप	मात्रा/एकड़ /फसल
15	0.076% डीडीवीपी का छिड़काव (1मिली/1ली पानी)	100 एम एल
18	ट्राइको कार्ड को मुक्त करना	1 कार्ड
25	ट्राइको कार्ड को मुक्त करना	1 कार्ड
32	ट्राइको कार्ड को मुक्त करना	1 कार्ड
39	ट्राइको कार्ड को मुक्त करना	1 कार्ड

विषय:
विनोद कुमार एवं जे बी नरेन्द्र कुमार

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
निदेशक
केन्द्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
(आई एस ओ 9001:2008 प्रमाणित)
(केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
श्रीरामपुरा, मैसूरु-570 008
दूरभाष: 0821-2362757, 2362406
फैक्स: 0821-2362845 वेब:www.csrtimys.res.in
ई-मेल:csrtimys.csb@nic.in

Copies: 1000 November 2015 Design & Layout: J Justin Kumar

पर्ण लपेटक (रोलर) का एकीकृत पीड़क प्रबंधन

केन्द्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
(आई एस ओ 9001: 2008 प्रमाणित)
केंद्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
श्रीरामपुरा, मैसूरु-570 008